


## एक नजर में

### मेडतवाल वैश्य समाज के विवाह सम्मेलन समितियों का गठन

**नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 24 फरवरी, सं.** नगर में मेडतवाल वैश्य समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को होना है इसके लिए समाज की बैठक मेडतवाल धरमशाला में संपन्न हुई. जिसमें सम्मेलन की तैयारी के लिए समितियों का गठन किया गया तथा सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारियां सौंपी गई. समितियों में टेंट व्यवस्था जल व्यवस्था भोजन व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था प्रवास आदि महत्वपूर्ण समितियों का गठन किया गया तथा समाज के अधिक से अधिक जोड़े सम्मेलन में करने का प्रयास किया जाए जिससे समाज में फिजूल खर्च ना हो प्रथम जोड़े के लिए सागर सिंगी पिता दिनेश सिंगी की तरफ से एक लाख रुपए देने की घोषणा की गई सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रत्येक जोड़े को 21-21 हजार रुपए की राशि तय की गई. इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी तथा सभी समाज जन उपस्थित है.

### कृषक पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित

**पड़ाना 24 फरवरी, सं.** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के तत्वधान में जिले के मोहनपुरा गांव में विकासखंड स्तरीय कृषक पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां पड़ाना नगर मंगलेश पाटीदार को पशु चिकित्सा अधिकारी अमित शाक्य एवं ग्रामीण पशु चिकित्सा निर्मल कासदे के मार्गदर्शन में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन और नस्ल सुधार एवं कृषक आधारित गतिविधियों में सक्रियता बढ़ाने व कृषि विस्तार क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर विकासखंड स्तरीय पुरस्कार 10 हजार राशि के साथ प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया.

### लापरवाही पर जुर्माना और नोटिस


**राजगढ़ 24 फरवरी, का.** कलेक्टमर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को समय सीमा बैठक आयोजित की गई. आयोजित समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों, सीएम मॉनिटरिंग तथा लंबित न्यायालयीन प्रकरणों एवं विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई. कलेक्ट र डॉ. मिश्रा द्वारा वन विभाग से संबंधित शिकायतों पर असंतोष व्यक्त करते हुए विभाग की ग्रेडिंग 'डी' आने पर नाराजगी व्यंक्त् की गई तथा सीसीएफ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों का समय पर निराकरण न करने पर सहकारिता, पीएचई एवं राजस्व विभाग पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए. ब्यावरा परियोजना में एक वर्ष से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर संतोषजनक जवाब दर्ज न करने के कारण संबंधित सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. उन्होंधने सीएम हेल्पालाईन में उत्कृ ष्टा कार्य करने वाले टॉप 5 अधिकारियों उमेश मिश्रा, कनिष्ट अभियंता ऊर्जा विभाग, अमित रघुवंशी रीजनल मेनेजर संस्थादगत वित्त, अभिषेक जैन सीएमओ नरसिंहगढ, जितेन्द्र जमरा कनिष्ठा आपूर्ति अधिकारी सारंगपुर एवं खाद्य आपूर्ति विभाग हरेन्द्र सिंह सिकरवार मंडी सचिव नरसिंहगढ़, कृषि उपज मंडी को सम्मानित किया.

# महिला की मौत के बाद परिजन आक्रोशित

## मामला तलेन के समीप ग्राम पीपल्यातवक्कुल का, तलेन नगर में गाड़ी में शव रखकर विरोध जताया

**पड़ोसी से आपसी विवाद के मामले में पुलिस पहुंची थी पूछताछ करने, उसी दौरान महिला की मौत हो गई**

**परिजनों ने न्याय की मांग की, पुलिस जांच में जुटी**



**नवभारत न्यूज**
**तलेन 24 फरवरी, सं. समीपस्थ ग्राम पीपल्यातवक्कुल में एक महिला की मौत के बाद उसके परिवार एवं परिजनों ने तलेन के इकलेरा चौराहे पर अपना आक्रोश प्रकट किया. परिवारवालों ने शव को गाड़ी में रखकर काफी देर तक अपना गुस्सा जाहिर किया. घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा.**

पूरा मामला पीपल्यातवक्कुल में पड़ोसियों के आपसी विवाद का बताया जा रहा है. जिसकी शिकायत तलेन थाने में की गई. पुलिस ने परिजनों को समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने.

### न्याय और कार्यवाही की मांग पर अड़े महिला के परिजन

नगर के इकलेरा चौराहे पर महिला का शव कार में रखकर प्रदर्शन कर रहे परिजनों को पुलिस ने समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने. वे न्याय और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर अड़े रहे. समाचार लिखे जाने पर इसी प्रकार हंगामे की स्थिति निर्मित रहीं. आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती एहतियात के तौर पर की गई. वहीं नरसिंहगढ़ की एसडीओपी भी मौके पर पहुंची और परिजनों से बात की. मृतक महिला के पति विक्रम सिंह व परिजनों ने पुलिस पर भी आरोप लगाए है. परिजनों का कहना था कि पुलिस की सख्ती के कारण महिला की जान गई. हालांकि पुलिस के अनुसार दो-तीन दिन पूर्व मिली शिकायत के बाद वे रूटीन कार्यवाही के लिए गए थे. जैसा कि सभी जगह जाया जाता है. फिर भी एसडीओपी नरसिंहगढ़ द्वारा परिजनों का जांच का आश्वासन दिया गया है. पूरा मामला पड़ोसियों के विवाद का बताया जा रहा है. जिसमें दोनों पक्ष समीप ही रहते हैं और विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे की शिकायत थाने में की थी. इसके बाद पुलिस द्वारा मामले में अपनी जांच एवं कार्यवाही शुरू की गई थी.

### पोस्टमॉर्टम नहीं कराने पर अड़े परिजन

पुलिस और प्रशासन की टीम समाचार लिखे जाने तक मौके पर मौजूद थी. आम लोगों की खासी भीड़ वहां जमा हो गई. पुलिस ने महिला का पीएम कराने के लिए परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने.

### नरसिंहगढ़ में होगा पोस्टमॉर्टम

तलेन में शवों का पीएम नहीं होता है. ऐसे में शवों को बोडा भेजा जाता है. लेकिन बोडा में महिला चिकित्सक नहीं होने से शव को पीएम के लिए नरसिंहगढ़ भेजा जाएगा. पीएम उपरांत ही महिला की मृत्यु के कारणों की विवेचना हो सकेगी. घटना के बाद नगर में चारों ओर कौतूहल की स्थिति निर्मित हो गई. सैंकड़ों की संख्या में लोग इकलेरा चौराहे पर जमा हो गए.



# एक महीने में भी नहीं हो रही नालियों की सफाई

## ना स्वच्छता की चिंता, ना अभियान नजर आता

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 24 फरवरी, का. जहां नगर में पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है वहीं नालियों की सफाई को भी एक लम्बा समय गुजरने से रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. कई जगह एक माह के लम्बे अंतराल के बाद भी नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है. आने वाले गर्मी के मौसम में यह हालात कहीं अधिक विकट हो सकते है.**

गौरतलब है कि नगर में नालियों की सफाई का टर्न एक माह से भी अधिक समय में आ पा रहा है. कई स्थान ऐसे है जहां इससे भी अधिक समय नालियों की सफाई को हो गया है. कई जगह नालियां कचरे, पानी से भर गई है, पानी ऊपर आकर दुर्गंध उठ रही है. रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### स्वयं सफाई करने लगते

कई जगह नालियों की सफाई को लम्बा अंतराल होने तथा बढ़ती परेशानी को देखते हुए कई जगह स्वयं द्वारा सफाई की जा रही है. कई जगह ऐसा देखने में आ रहा है. गर्मी के दिनों में नालियों की सफाई नहीं होने से दिक्कते और बढ़ेगी.



# चिड़िखो अभ्यारण में बढ़ेगा सफारी का सफर

## 5 किमी सफारी के दायरे को बढ़ाकर 15 किमी करने की तैयारी

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा/नरसिंहगढ़ 24 फरवरी, सं. मिनी कश्मीर नरसिंहगढ़ के समीप मौजूद पर्यटन स्थल चिड़िखों अभ्यारण में पर्यटकों के लिए अभ्यरण में घूमने के लिए वर्तमान में सफारी का सफर 5 किमी का है, जिसे बढ़ाकर 15 किमी करने की तैयारी की जा रही है, इससे पर्यटकों को अभ्यारण के एक बड़े क्षेत्र से रुबरु होने के साथ ही कहीं अधिक वन्य जीवों को समीप से जानने का मौका मिल सकेगा.**

गौरतलब है कि नरसिंहगढ़ के समीप एक बड़े क्षेत्र में चिड़िखो अभ्यारण है, जहां अनेक जीव जंतु मौजूद है. यह अभ्यारण लगभग 5 हजार 719 हैक्टर में फैला हुआ है. यहां जिले ही नही अपितु राजधानी भोपाल सहित प्रदेश एवं देश भर से पर्यटक आते है. सफारी की सैर के तौर पर यहां पर्यटकों को उनके निजी वाहनों को 5 किमी तक ले जाने की अनुमति है. अब इस दायरे को बढ़ाते हुए 15 किमी तक किए जाने की तैयारी की जा रही है.

### चिड़िया के आकार की झील से चिड़िखो पड़ा नाम

जानकारी के अनुसार यहां पर सन 1935 में एक चिड़िया के आकार की झील का निर्माण किया गया. इसके बाद इस जगह का नाम ही चिड़िखा अभ्यारण पड़ गया. चिड़िखो अभ्यारण में तेंदुए, हिरण, नीलगाय, मगरमच्छ सहित अनेक जीव जन्तु है. साथ ही यहां पर लगभग 107 तरह के पक्षियों का वास होना बताया जाता है.

### माता शबरी जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 24 फरवरी, का.** आदिवासी भील समाज द्वारा मां शबरी जयंती नगर में बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई. विशाल शोभायात्रा निकाली गई. नगर व आसपास गावों से बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए. कलश यात्रा के साथ माँ शबरी के जयकारे गूंज उठे. आदिवासी लोक नृत्य दल द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई. पारंपरिक ढोल और मांदल की थाप पर प्रस्तुत नृत्य ने लोगों का मनमोह लिया. शोभायात्रा गायत्री मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पब्लिक स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड पहुंची, जहां समाज बंधुओं ने माता शबरी की पूजा अर्चना की. वक्ताओं ने समाज उत्थान के लिए शिक्षा पर जोर देने की बात कही. इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश डावर, जिला अध्यक्ष गोपाल भिलाला, एसडीओ प्रवीण भील, दशरथ भिलाला पटवारी, अजजा जिला अध्यक्ष राम भील, बृज किशोर भिलाला, कैलाशनारायण भिलाला, दुर्गाप्रसाद भिलाला, भारत सिंह भिलाला, रोड़ सिंह भिलाला सहित समाज बंधु उपस्थित रहे.



# श्रद्धापूर्वक मनाई संत रविदास जयंती




**नवभारत न्यूज**
**पडाना 24 फरवरी, सं.** ग्राम मऊ में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज मंदिर में आदर्श मेघवाल जांगड़ा समाज विकास समिति ने 649 वां जन्म उत्सव मनाया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल, प्रदेश अध्यक्ष मेघवाल समाज महासंघ कर्मचारी प्रकोष्ठ जगदीश वर्मा, संगठन मंत्री मेघवाल समाज रामचंद्र जलालीया, प्रदेश अध्यक्ष मेघवाल समाज महासंघ डॉ भवानी वर्मा, मेघवाल जांगड़ा कोर कमेटी जिला अध्यक्ष राजगढ़ अशोक वर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष मेघवाल समाज परिषद अनार सिंह वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राष्टीय मेघवाल परिषद एवं जिला जनपद सदस्य राजेश रतलिया, सर्व मैघवंश महासभा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मेघवाल, पूर्व जनपद सदस्य परमानंद वर्मा आदि ने रविदास जी के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा, जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार, ग्राम पंचायत सरपंच रईस मंसूरी, पूर्व सरपंच फतेह सिंह राजपूत, पडाना सरपंच गोकुल प्रसाद दुगरिया, दिनेश वर्मा, मुकेश वर्मा, आत्माराम पटवारी, राम सिंह वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, जगदीश वर्मा, अर्जुन वर्मा सहित सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# संघ का उद्देश्य हिन्दू समाज को एकरस बनाना है



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 24फरवरी, का.** संघ का उद्देश्य संपूर्ण हिंदू समाज को एकरस बनाकर भारत को परम वैभव तक पहुंचाना है। एक समय भारत विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित था. हमारे ऋषि-मुनियों के चिंतन और जीवन मूल्यों के कारण पूरा विश्व भारत का अनुसरण करता था.

उपरोक्त बात आर एस एस द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रमुख जन गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए संघ के अखिल भारतीय सेवा प्रमुख पराग अभ्यंकर ने कही.

उन्होंने कहा कि भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, इसलिए अनेक आक्रमणकारियों ने यहां आक्रमण किए। ग्रीक, हूण, शक, इस्लामिक आक्रमणकारी और अंग्रेजों ने भारत पर आक्रमण किए, जिससे देश की शक्ति और व्यवस्था कमजोर हुई। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने यह भ्रम फैलाया कि हमें सभ्यता अंग्रेजों ने सिखाई, जबकि भारत की अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपरा रही है.

समरसता के विषय पर उन्होंने कहा कि जातिगत भेदभाव समाज की कमजोरी है और इसे समाप्त करना समाज की जिम्मेदारी है। हमें जाति भेद भूलकर एकात्मता और समरसता का भाव विकसित करना चाहिए. उन्होंने नागरिकों से अपने गांव, गली और मोहल्ले को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक उदय सिंह चौहान, नगर संघ चालक राधेश्याम शर्मा सहित विभिन्न समाज प्रमुख और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.



# फोरलेन निर्माण में टूटा यात्री प्रतीक्षालय फिर नहीं बना

## कुरावर में सड़क पर ही यात्रियों, बसो को खड़ा रहना पड़ता है, तीन जिलों के यात्री करते है परिवहन

**नवभारत न्यूज**
**कुरावर 24 फरवरी, सं. वर्षो से कुरावर नगर में बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रोड पर ही बसे खड़ी होती है और मार्ग पर ही देर तक खड़े रहकर यात्रियों को बसो का इंतजार करना पड़ता है.**

गौरतलब है कि फोरलेन निर्माण के दौरान यहां बस स्टेण्ड पर मौजूद प्रतिक्षालय ध्वस्त हो गया था. दुर्भाग्यवश आज दिनांक तक फिर यह प्रतिक्षालय नहीं बन सका.

### तीनों जिलो से आते है यात्री

कुरावर एक ऐसी जगह है जहां पर राजगढ़ सहित शाजापुर, भोपाल जिले से यहां पर बसे आती-जाती है. दिन में लगभग 200 बसे रोजाना यहां से गुजरती है, सैकड़ो की संख्या में यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है, प्रतिक्षालय नहीं होने से यात्रियों को रोड पर खड़े रहकर ही बसो का इंतजार करना पड़ता है.

ग्राम माना निवासी सुनील पटेल, पीपलखेड़ा निवासी बलराम सिंह बना का कहना है कि बाहर आने-जाने के लिए बस का इंतजार करने खुले आसमान के नीचे रोड पर ही खड़े रहना पड़ता है. यहां पर यात्रियों के बैठने हेतु प्रतिक्षालय की व्यवस्था नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

### गर्मी, बारिश में खुले आसमान के नीचे करते इंतजार

कुरावर में बस स्टेण्ड सड़क पर ही है, सड़क पर ही बसे खड़ी होती है और रोड पर लोगों को खड़े रहकर अपनी बसो का इंतजार करना पड़ता है. बारिश और भीषण गर्मी के दिनों में परेशानी कहीं अधिक बढ़ जाती है. 30 से 40 मिनट तक खुले आसमान के नीचे इंतजार करना पड़ता है.

### दुर्घटना का लगा रहता डर

ब्रिज के यहां ही बस स्टेण्ड है, सर्विस रोड पर ऑटो टैक्सी, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि अन्य वाहन खड़े रहते है, ऐसे में बसे भी यहीं पर खड़ी होती है, जिसके कारण आने-जाने वाले वाहन चालको, राहगीरों को काफी परेशानी होती है, दुर्घटना का डर लगा रहता है. यहां आसपास अतिक्रमण होने से भी परेशानी और बढ़ जाती है.


**संकट** ब्यावरा नगर में गर्मियां आने से पहले ही 8 वें दिन पहुंची सप्लाई, परेशानी का सामना

# गर्मी के पूर्व ही पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ा

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 24 फरवरी, का. गर्मी के पूर्व ही नगर में पेयजल सप्लाई का अंतराल बढने लगा है. पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़कर 8 वें दिन पर जा पहुंचा है. सप्लाई का अंतराल बढ़ने से पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

गौरतलब है कि गर्मी के दिनों में नगर में पेयजल संकट के हालात निर्मित हो जाते है, इस बार अभी गर्मी की शुरुआत नहीं हुई है इसके पूर्व ही पेयजल सप्लाई का अंतराल बढने लगा है. पेयजल सप्लाई 7 वें दिन पर जा पहुंची है.

**मोटर में खराबी और बिजली कटौती-** वर्तमान में पेयजल सप्लाई का अंतराल बढने के पीछे बिजली कटौती एवं कुशलपुरा डेम पर स्थित विद्युत मोटर में आई खराबी को बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार कुशलपुरा डेम स्थित इंटकवेल पर मौजूद 20-20 हॉर्स पॉवर की दो विद्युत मोटर क्रमश- एक के बाद एक खराब हो गई, जिन्हें दुरस्त कराया गया. साथ ही बिजली कटौती होने से भी पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ा.




**पानी लाने को मजबूर हुए लोग-** स्थानीय राजगढ़ रोड, सुदामा नगर में 24 फरवरी को आठवें दिन पेयजल सप्लाई हो सकी. जबकि राजगढ़ रोड के पंचशील कॉलोनी व अन्य स्थानों पर मंगलवर को भी पेयजल सप्लाई नहीं हो सकी. पेयजल सप्लाई का अंतराल बढने से स्टॉक में रखा पानी भी खत्म होने लगा है, ट्यूबवेल, हेण्डपम्प आदि दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है. नपा के पेयजल सप्लाई प्रबंधन के अनुसार कुशलपुरा डेम स्थित इंटकवेल पर विद्युत मोटर में खराबी एवं बिजली कटौती के चलते पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़ा है, जल्द ही पेयजल सप्लाई का अंतराल कम होकर पेयजल सप्लाई सुचारु होगी.

### पर्याप्त पानी के बाद भी पेयजल संकट

नगर में कुशलपुरा डेम एवं घोड़ापछाड़ नदी से पेयजल सप्लाई होती है, दोनों ही जगह पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता होने के बाद भी नगर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है. गर्मी के दिनों में पेयजल संकट के हालात और अधिक विकट हो जाते है, जबकि पानी की पर्याप्ता इतनी है कि नगर में बेहतर रुप से कम अंतराल में पेयजल सप्लाई हो सकती है, किंतु आये दिन मोटर में खराबी, बिजली कटौती आदि कारणों के चलते पेयजल सप्लाई बाधित होती रहती है. अभी ग्रीष्काल आने में दो महीने बाकी है लेकिन ब्यावरा नगर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था बीते दो दशक की भांति एक बार फिर से चरमराने लगी है. शहर इस दंश से बाहर नहीं आ पा रहा है. होली आने में भी अभी समय है लेकिन जलप्रदाय व्यवस्था दम तोडती नजर आ रही है.